हिट एंड रन कानून के विरोध में हड़ताल जारी

# ड्राईवरों की हड़ताल से सब्जी, फलों के दाम बढ़े




**जबलपुर।** जबलपुर में ट्रकों बस चालकों की हडताल दूसरे दिन भी देखने मिला। डीजल पेट्रोल की आपूर्ति तो हुई लेकिन जरुरत के मुताबिक नही। रात भर में चार टेंकर डीजल, चार टेंकर पेट्रोल और तीन ट्रक गैस सिलेण्डर के ही डिपो से निकल पाए। दूसरे दिन भी पेट्रोल पंपों पर डीजल पेट्रोल की किल्लत देखी गई। इस हड़ताल का असर दूध, सब्जी, किराना जैसी आवश्यक वस्तु की आपूर्ति पर पड़ा, जिससे कीमतों में उछाल आई। मझौली में ट्रक चालकों द्वारा लगाए गए जाम को हटवाने गए एक पुलिस आरक्षक के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राईवरो की हड़ताल जारी कहीं डीजल पेट्रोल की कमी तो कहीं गैस का संकट खड़ा हो गया। ड्राइवरो का कहना है कि हिट एंड रन का कानून सिर्फ भारी वाहन चालकों पर नहीं है टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर चालकों पर भी यह कानून लागू होगा जोकि घातक है।

### जबलपुर में नहीं चली सिटी बसें

हड़ताल के चलते जबलपुर की मेट्रो सिटी बसें नहीं चली। लोकल परिवहन प्रभावित हुआ, जिसका फायदा ई-रिक्शा चालकों ने उठाया। मनमाना किराया वसूला। वहीं यात्री बसें दो दिन से बंद है। आईएसबीटी में सिर्फ प्रशासनिक अधिकारी ड्राईवरों को मनाने गए। लेकिन वे नहीं माने। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बसों का इंतजाम करने में पसीना आ गया।

### आरक्षक के साथ मारपीट

मझौली हाईवे पर ट्रक व बस चालकों ने चका जाम कर रखा था जिसे हटाने के लिए एक पुलिस आरक्षक पहुंचा जहां चका जाम कराने वालों के साथ झड़प हुई और आरक्षक के साथ हड़तालियों ने मारपीट की।


### कैब, आटो के पहिये भी थमे

इधर कैब, आटो, आपे आटो, मैजिक वाहन सहित अन्य यात्री वाहनों के चालक भी मंगलवार से हड़ताल में शामिल हो गए हैं। इससे लोगों की परेशानी बढना तय है। हड़ताल की वजह नए प्रविधान का विरोध है। नए प्रविधान में सडक दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार होकर बच नहीं सकता। प्रविधान के मुताबिक वाहन चालक को पुलिस को सूचना देनी होगी। यदि सूचना नहीं दी और बाद में पकड़े गए तो 10 वर्ष का कारावास और सात लाख रुपये का अर्थदंड भी देना होगा। आईपीसी की धारा 104 के तहत लापरवाही से मौत या फिर जल्दबाजी से हुई मौत के अपराध में पहले दो वर्ष की सजा या जुर्माना या फिर दोनों का प्रविधान था।

ड्राईवरों की हड़ताल से आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई बाधित न हो

## हाईकोर्ट ने कहा, हड़ताल समाप्त कराने सरकार कार्रवाई करें

**जबलपुर।** हिट एंड रन कानून के विरोध में चल रही बस ट्रक चालकों के हड़ताल के खिलाफ दायर याचिकाओं पर हाईकोर्ट में अर्जेन्ट सुनवाई हुई, जिस पर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ एवं जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को तलब किया। महाधिवक्ता ने सरकार की तरफ से हाईकोर्ट आश्वस्त किया कि भारी वाहनों की हड़ताल से आपूर्ति प्रभावित हो रही है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आता है सरकार हड़ताल समाप्त कराने के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। हाईकोर्ट ने कहा है कि आवश्यक वस्तु की आपूर्ति प्रभावित न हो सरकार तत्काल ठोस कदम उठाए।



मध्यप्रदेश प्रदेश सहित पूरे देशभर में हिट एंड रन कानून में हुए संशोधन को लेकर ट्रांसपोर्ट ड्राइवर्स हड़ताल कर रहें है। इस हड़ताल के खिलाफ अखिलेश त्रिपाठी, डॉ.पीजी नाजपांडे सहित एक अन्य ने याचिका दायर कर हड़ताल को अवैधानिक घोषित करने की मांग की थी। राष्ट्रीय स्तर पर चल रही इस हड़ताल की वैधानिकता को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे एवं रितिका गुप्ता ने हाईकोर्ट को बताया कि अत्यावश्यक सेवाएं प्रभावित हो रही है इसीलिए सरकार कार्रवाई करें। न्यायालय ने आज ही तत्काल आधार में सुनवाई की और सुनवाई करने के बाद महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को हाजिर होने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि चूंकि यह विषय आवश्यक वस्तु अधिनियम से संबंधित है तो इससे पहले उच्च न्यायालय कोई कार्यवाही करे राज्य शासन इस विषय में स्वतः संज्ञान लेकर निर्णय ले। मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि राज्य शासन इस पर तत्काल कार्यवाही करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि खाद्य सामग्री, बस एवं पेट्रोलियम पदार्थ सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के साथ अपने गंतव्य तक पहुंचे।

मान्यता, प्रवेश, ड्रिग्री सब कुछ होगा आनलाइन, वर्क लोड होगा कम

## ई- ऑफिस वाली होगी मेडिकल यूनिवर्सिटी

**जबलपुर।** जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी अब जल्द ही पूरी तरह से पेपरलेस होने वाली है। मान्यता, प्रवेश, परीक्षा सब कुछ ऑनलाइन होगा। डिजीलाकर में छात्रों के दस्तावेज, डिग्री, मार्कशीट, डिजीटाइज किए जा रहे है। दस्तावेज स्कैनिंग व सॉफ्टवेयर के लिए कंपनी से करार होगा। एम.यू से संबद्ध 550 कॉलेज के 60 हजार छात्रों के परीक्षा की कॉपियां मूल्यांकन के लिए स्कैन कर भेजी जाएगी। मूल्यांकनकर्ता परीक्षा विभाग को ऑनलाइन जानकारी देंगे। मेडिकल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार



डॉक्टर पुष्पराज बघेल ने बताया कि एम.यू को ई ऑफिस वाली यूनिवर्सिटी बनाने के लिए दस्तावेज डिजीटाइज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डिजिटल होने से काम में तेजी आएगी। सिस्टम उत्तरदायी,प्रभावी और पारदर्शी होगा।

### पेपरलेस से ये होगा फायदा

- ई-ऑफिस में परीक्षा गोपनीय व अन्य विभागों में काम तेज होंगे।
- फाइल प्रबंधन आसान,दस्तावेज व्यवस्थित रहेंगे।
- विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी कहीं से भी काम कर सकेंगे।
- प्रक्रिया के तहत वन स्टाप-पोर्टल बनाया जा सकता है।

प्रदेश के कई जिलों में छाया रहा घना कोहरा

## जबलपुर, रीवा संभाग में बारिश के आसार

**जबलपुर।** दो से चार जनवरी को प्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, रीवा संभाग में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। दिन के तापमान में गिरावट बनी हुई है। विभाग ने जनवरी के पहले सप्ताह में कड़ाके की ठंड का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान खजुराहो में नौ डिग्री सेल्सियस, सीधी में 9.2, रीवा में 9.4, दतिया में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा छतरपुर जिले के नौगांव में 10 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को छतरपुर, में शीतल दिन रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश में वर्षा का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक



एक दिन बाद रीवा और शहडोल में वर्षा हो सकती है। इसके अलावा दो से चार जनवरी के बीच कहीं-कहीं घने कोहरे और बूंदाबांदी की भी संभावना है। ऐसी ही स्थिति रीवा संभाग के जिलों में रहेगी। जबलपुर और शहडोल में बूंदाबांदी हो सकती है।

धूप-छांव का दौरा होने से ठंड का असर लगातार कम होता जा रहा

## ठंड की कमी से गेहूं फसल की ग्रोथ थमी, किसान परेशान




**जबलपुर।** जबलपुर सहित प्रदेशभर में पिछले माह से लगातार मौसम परिवर्तन हो रहा है। इससे फसलों की ग्रोथ थमी हुई है। 25 दिसंबर से ठंड का असर लगातार कम होता जा रहा है। इससे गेहूं, चना व मक्का की फसल पर बीमारियों का प्रकोप मंडराने लगा है। क्षेत्र में 50 प्रतिशत किसानों ने नवंबर में गेहूं व चने की बोवनी की थी, जिन्हें अब अच्छी ठंड की जरूरत है, लेकिन अभी भी धूप-छांव का दौरा होने से ठंड का असर लगातार कम होता जा रहा है।

इस कारण गेहूं-चने की पैदावार कमजोर होने के आसार किसान जता रहे हैं। किसानों ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष ठंड बहुत ही कम रही। दिसंबर माह में भी ठंड ने अपना सही असर नहीं दिखाया। इससे गेहूं-चने के साथ ही मक्का की फसल में बार-बार कीटों का प्रकोप हो रहा है।

### मक्का की फसल में इल्लियों का प्रकोप

प्रदेश के कई क्षेत्रों में किसानों ने मक्का की फसल में इल्लियों का प्रकोप कम करने के लिए चार से पांच बार दवाई आदि का छिडक़ाव कर दिया है। फसलों पर बीमारियों का संकट आने का मुख्य कारण लगातार मौसम परिवर्तन होना है, क्योंकि बार-बार मौसम परिवर्तित होने के साथ ही बादलों की आवाजाही से फसलों की ग्रोथ पूरी तरह से थम जाती है और विभिन्न प्रकार की बीमारियां बढ़ जाती हैं। उत्पादन पर पड़ेगा असर क्षेत्र के किसानों ने अक्टूबर में गेहूं, चने आदि फसलों की बुवाई की थी। इस दौरान ठंड का अच्छा असर होने से उपजी भी अच्छी रही, लेकिन अक्टूबर-नवंबर में जिन किसानों ने बोवनी कार्य किया था, उनके चने व गेहूं इस समय कमजोर होते जा रहे हैं, क्योंकि अब फसलों को ठंड की जरूरत है, लेकिन इसके विपरीत धूप की तेजी है। किसानों ने बताया कि जनवरी से लगातार ठंड कम होती जाएगी, क्योंकि बड़े दिन लगने से प्रतिदिन तेज धूप पड़ेगी। इससे फसलों के उत्पादन उपज में कमी आने की संभावना है।

### कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव जारी

प्रदेश में अधिकांश खेतों में गेहूं-चने की फसलें छोटी-छोटी हैं। ठंड लगातार कमजोर होती जा रही है। कई किसानों द्वारा खरपतवार नियंत्रण करने के साथ ही कीटनाशक दवाइयों का छिडक़ाव किया जा रहा है। मक्का फसल में एलियन के प्रकोप को लगातार कम किया जा रहा है तो कई किसान सिंचाई कर अपनी फसलों में सुधार कर रहे हैं। क्षेत्र के अधिकांश किसानों द्वारा सौंफ की फसल भी लगाई गई थी, जो पूर्व में हुई मावठे की वर्षा के साथ ही बादलों की आवाजाही से कमजोर होती नजर आ रही है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सौंफ की फसल 40 प्रतिशत कमजोर है, जिससे भाव में कमी होने से किसान मायूस हो रहे हैं। मौसम में बार-बार परिवर्तन होने से लोगों में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में कई लोग सर्दी, जुकाम के साथ ही डेंगू-मलेरिया के शिकार हो रहे हैं।

## किसान अपनी फसल की जानकारी MPKISAN App में कर सकेंगे दर्ज

**जबलपुर।** मेरी गिरदावरी- मेरा अधिकार में अब किसान निश्चिंत होकर अपनी फसल की जानकारी **MPKISAN App** के माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। इस जानकारी का उपयोग फसल हानि, न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना, भावांतर योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और कृषि ऋण में किया जायेगा। किसान की इस जानकारी का आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं पटवारी से सत्यापन होगा। मेरी गिरदावरी-मेरा अधिकार में किसान को यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है कि वे अपने खेत से ही स्वयं फसल की जानकारी एमपीकिसान एप पर दर्ज कर अपने आप को रजिस्टर सकते हैं। किसान एप पर लॉगिन कर फसल स्व-घोषणा, दावा आपत्ति आप्शन पर क्लिक कर अपने खेत को जोड़ सकते हैं। खाता जोड़ने के लिये प्लस ऑप्शन पर क्लिक कर जिला/तहसील/ग्राम/खसरा आदि का चयन कर एक या अधिक खातों को जोड़ा जा सकता है। खाता जोड़ने के बाद खाते के समस्त खसरा की जानकारी एप में उपलब्ध होगी। उपलब्ध खसरा की जानकारी में से किसी भी खसरे पर क्लिक करने पर ए आई के माध्यम से जानकारी उपलब्ध होगी। किसान के सहमत होने पर एक क्लिक से फसल की जानकारी को दर्ज किया जा सकेगा। संभावित फसल की जानकारी से असहमत होने पर खेत में बोयी गई फसल की जानकारी खेत में उपस्थित होकर लाइव फोटो के साथ दर्ज की जा सकती है।

विशेष अदालत की तल्ख टिप्पणी

## सही अपराधी का न पकड़ा जाना न्याय की हानि

- मासूम से दुष्कर्म व हत्या का मामला
- दो लाख प्रतिकर राशि का आदेश

**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश नीलम संजीव श्रृंगीऋषि की अदालत ने मासूम से दुष्कर्म व हत्या के मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। जिसमें तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि महज दो वर्ष की मासूम को उसके माता-पिता के बीच से उठाकर ले जाना और दुष्कर्म के बाद हत्या जैसे संगीन मामले में सही अपराधी का न पकड़ा जाना न्याय की हानि है। विवेचक द्वारा उचित विवेचना न करने के कारण न्यायालय विवश है कि वह छोटी बच्ची के साथ किए गए अपराध के वास्तविक दोषियों को दंडित नहीं कर सका न ही उस छोटी बच्ची को न्याय दिला सका।



विशेष अदालत ने अपने आदेश में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया कि केवल प्रकरण का निराकरण करना पुलिस का कर्त्तव्य नहीं है। यदि पुलिस सही अपराधी तक नहीं पहुंचती है तब न्याय की हानि होती है और न्याय प्रक्रिया पर जन सामान्य का अविश्वास होता है। साथ ही ऐसा वीभत्स अपराध करने वाला व्यक्ति स्वतंत्रता से समाज में विचारण करता रहता है। ऐसी स्थिति में समाज भी असुरक्षित हो जाता है। यद्यपि ऐसे मामले में व्यक्ति भावुक हो जाता है तथापि न्यायालय का यह दायित्व है कि वास्तविक अपराधी को सजा मिले किंतु ऐसे व्यक्ति को सजा न दी जाए जिसने वास्तव में अपराध नहीं किया है।

विशेष अदालत ने अपने फैसले में साफ किया कि इस मामले में शहपुरा पुलिस ने शुभम उर्फ बच्चू मल्लाह व सोनू ठाकुर गौंड को आरोपित बनाया था। किंतु अभियोजन युक्तियुक्त संदेह से परे यह प्रमाणित करने में असफल रहा है कि 16 सितंबर, 2020 से 17 सितंबर, 2020 के मध्य यह जघन्य श्रेणी का अपराध इन्हीं युवकों ने किया था। लिहाजा, उन्हें संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है। मासूम अब इस दुनिया में नहीं रही अतः उसके पुनर्वास का बिंदु बेमानी हो गया है पर उसके माता-पिता ने अपनी दो वर्ष की मासूम बेटी को खोया था इसलिए संभावित मानसिक व शारीरिक आघात की प्रतिपूर्ति के लिए दो लाख रुपये प्रतिकर राशि दिए जाने का आदेश पारित किया जाता है।

## जिला बार चुनाव फरवरी के अंतिम सप्ताह में होंगे

**जबलपुर।** जिला बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन फरवरी, 2024 के अंतिम सप्ताह तक सम्पन्न हो जाएगा। यह जानकारी जिला बार अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि जिन अधिवक्ताओं ने मासिक सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया है, वे दो जनवरी से 10 जनवरी तक आवश्यक रूप से मासिक सदस्यता शुल्क जमा कर दें। ऐसा किए जाने पर ही वे मतदान के पात्र होंगे। जिन अधिवक्ताओं ने 31 दिसम्बर, 2022 तक जिला बार की सदस्यता ली है और जिनका बकाया शुल्क छह माह से अधिक नहीं है, ऐसे वकीलों को ही मतदान का अधिकार होगा।

## कैबिनेट बैठक आजः मुख्यमंत्री 409.53 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का करेंगे भूमि पूजन, लोकार्पण

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 जनवरी को जबलपुर में 409.53 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वे 100.66 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और 308.87 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 5 बजे कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 10.50 बजे रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद 11.15 बजे कानून एवं व्यवस्था पर जबलपुर संभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद 12 बजे वे विकास कार्यों के संबंध में जबलपुर संभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 2.45 बजे जन आभार यात्रा में भाग लेंगे एवं गेरीसन ग्राउंड पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। विकास कार्यों में कौशल विकास, चिकित्सा शिक्षा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभागों के कार्य शामिल हैं।

## रेलवे ने टिकिट चेकिंग से 7.58 करोड़ का राजस्व वसूला

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाडियों में चलाये जा रहे सघन टिकिट जाँच अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है जिसके तहत बीतते दिसंबर माह में मंडल के टिकिट जांच अभियान ने रिकार्ड 7.58 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्रित किया है। पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश के मार्गदर्शन एवं मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के निर्देशन में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक राजेश शर्मा, विश्व रंजन सहित डी.सी.एम. नितेश कुमार सोने, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह के नेतृत्व में दिसंबर 2023 में नियमित टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई। जाँच के दौरान एक माह में बिना टिकट यात्रा के 43 हजार मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 4.30 करोड़ वसूल किया गया। इसी तरह निम्न दर्जे की टिकिट पर उच्च दर्जे में यात्रा करते हुए लगभग 50 हजार यात्री पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 3.27 करोड़ वसूल किया गया । इसी प्रकार यात्रा में निर्धारित मानक से अधिक भार के लगेज को लेकर यात्रा करने के 354 मामले पकड़े गए, जिनसे रुपये 60,000/- वसूला गया।

इस प्रकार दिनांक 01 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 तक की गई टिकट जांच के दौरान बिना टिकट/अनियमित टिकट एवं बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करने के पकड़े गए कुल 93 हजार मामले से रेलवे को रुपये 7.58 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 के किसी भी माह में इतनी राशी प्राप्त नहीं हुई थी लेकिन दिसम्बर में चले सघन जाँच में इस वर्ष की उक्त सर्वाधिक राशी वसूली गयी है।

## लोक निर्माण मंत्री ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा


**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गैरीसन ग्राउंड पहुंचकर 3 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विधायक श्री अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, नीरज सिंह सहित डॉ. जितेन्द्र जामदार, प्रभात साहू, रानू तिवारी के साथ अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे। वहीं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्री सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कहा कि माँ नर्मदा की पावन धरा पर रानी दुर्गावती की कर्मस्थली जबलपुर में मुख्यमंत्री ने पहली केबिनेट के लिये चुना। इसके लिये उन्होनें मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहली केबिनेट से जबलपुर ही नहीं पूरे महाकौशल के लिये फलदायी होगा और एक सकारात्मक संदेश के साथ इसके दूरगामी परिणाम निकलेंगे। रानी दुर्गावती के 500वें जनशाताब्दी अवसर पर होने वाली यह कैबिनेट मीटिंग कई दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जबलपुर और महाकौशल के लोगों की कई दिनों से विकास की जो सोच थी अब वह फलदायी होगा। उन्होनें ड्राइवरों की हड़ताल पर कहा कि सरकार यह प्रयास कर रही है कि जल्दी से जल्दी हड़ताल समाप्त हो और उस दिशा में सार्थक प्रयास किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह के भ्रमण के पूर्व संभागायुक्त श्री अभय वर्मा व कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन तथा पुलिस अधीक्षक व पूरी प्रशासनिक टीम ने मुख्यमंत्री के विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## सालार हिंदी वर्जन में 125 करोड़ के पार





*मुंबई। प्रभास की फिल्म 'सलार' थिएटर्स में एंटरटेनमेंट का सॉलिड डोज दे रही है। पहले हफ्ते में 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 92 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया था. दूसरे वीकेंड में फिल्म की हिंदी वर्जन से कमाई लगातार बढ़ती रही. शुक्रवार को 6 करोड़, शनिवार को 7.25 करोड़ और रविवार को 9 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ हिंदी में भी 'सलार' की दमदार कमाई जारी रही।*

## एनिमल का जलवा 31वें दिन बरकरार





**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बेधड़क थिएटर्स में चल रही है। तमाम क्रिटिसिज्म के बावजूद रणबीर कपूर की इस फिल्म ने जमकर कमाई की है। अपने लिमिटेड स्क्रीन काउंट के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म अपनी जगह डटी रही। फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन देश में 1.67 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल कलेक्शन अब 544.93 करोड़ रुपए है।

## 400 करोड़ के करीब पहुंची डंकी




**मुंबई।** पहले हफ्ते में 160 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर चुकी 'डंकी' ने रविवार को 11.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार 12वें दिन, सोमवार को 'डंकी' ने शनिवार से भी ज्यादा कलेक्शन किया है। 2024 के पहले दिन शाहरुख की फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब 12 दिन में शाहरुख की फिल्म 'डंकी' बॉक्स ऑफिस पर 397 करोड़ नेट इंडिया कलेक्शन कर चुकी है।



## नए साल में अर्जुन ने बनाया नया टैटू...

**मुंबई।** 2 स्टेट्स, इशकजादे और मुबारकां के लिए एक्टर अर्जुन कपूर ने नए साल का स्वागत एक पॉजिटिव सोच के साथ किया। उन्होंने अपने कैल्फ पर एक नया टैटू बनवाया है। इसमें लिखा है राइज। एक्टर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर टैटू डिजाइन का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम जो थे उसकी राख से ही हम वह बन सकते हैं जो हमें बनना है। सोशल मीडिया पर अर्जुन का ये टैटू वीडियो काफी वायरल हो रहा है। उनके वीडियो पोस्ट पर एक्टर अभिषेक बच्चन ने हाथ उठाने वाला इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है।

लाइफ Style

# अदिति
## सिद्धार्थ संग कंफर्म की रिलेशनशिप



नए साल का आगमन बड़े धूमधाम से हो गया है। किसी ने अपने परिवार तो किसी ने अपने दोस्तों के साथ नए साल को वेलकम किया है। इसी बीच पद्मावत' फेम एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ फोटो शेयर कर अपनी रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदिति राव हैदरी सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ पोस्ट और स्टोरीज के माध्यम से जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस सिद्धार्थ के साथ तस्वीरें और वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं, लेकिन जब भी रिलेशनशिप को लेकर सवाल किया जाता है तो दोनों इसे सीक्रेट रखने की कोशिश करते हैं। हालांकि एक्ट्रेस की हालिया पोस्ट से उनकी और सिद्धार्थ के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चा बढ़ गई है। अदिति राव हैदरी ने न्यू ईयर के मौके पर सिद्धार्थ के साथ इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में अदिति और सिद्धार्थ कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं। दोनों की इस तस्वीर से लगता है कि शायद वे विदेश में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए अदिति ने कैप्शन में लिखा, खुश, धन्य और आभारी। जादुई खुशी, प्यार, हंसी, यूनिकॉर्न और फेयरी डस्ट के लिए। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, तो यह ऑफिशियल हो गया। एक ने लिखा, परफेक्ट। एक यूजर ने कहा, बढ़िया चॉइस है। आप दोनों एक-दूसरे को डिजर्व करते हैं।

### हॉलीवुड मसाला

## बीच किनारे चिल करती दिखीं



**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज 1991 में अपने डेब्यू के बाद से कई लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हसीना अपने काम, लुक और एक्सेसरीज से अक्सर फैंस का दिल चुरा लेती हैं। वहीं अब एक बार फिर जेनिफर ने अपने लुक्स से तहलका मचा दिया। इन तस्वीरों में जेनिफर बीच किनारे चिल मूड में नजर आ रही हैं। लुक की बात करें तो जेनिफर व्हाइट बिकिनी में बेहद हॉट लग रही हैं। इस बिकिनी टॉप में वह अपने टोन्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रही हैं।



## पब्लिक स्क्रूटनी से नाराज है एंजेलिना

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस एंजेलिना जोली और उनके स्टार पति ब्रैड पिट के बीच हुए विवाद से हर कोई वाकिफ है। इस वक्त एंजेलिना पब्लिक स्क्रूटनी से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। वो इस बात से नाखुश हैं कि उनकी गलत इमेज बनाई जा रही है। यही वजह है कि वो हॉलीवुड को अलविदा कहने वाली हैं। यानी वो अब एक्टिंग नहीं करेंगी। बता दें कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने तब एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था, जब वे 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के सेट पर मिले थे। इससे पहले ब्रैड पिट की जेनिफर एनिस्टन से शादी हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने पांच साल का रिश्ता तोड़ दिया था। इनके 6 बच्चे हुए।



## इंटीमेट सीन को लेकर मौनी हुईं ट्रोल...

**मुंबई।** अभिनेत्री मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी तस्वीरों को वीडियोज के साथ अक्सर सुर्खियों में रहने वाली मौनी ने हाल ही में कुछ तस्वीरें और वीडियोज अपने पति सूरज नांबियार के साथ शेयर की है, जिसको देख फैंस की धड़कने तेज हो गई हैं। मौनी ब्लैक बिकिनी में पति के साथ पूल में नजर आ रही है, जहां दोनों का पूल रोमांस नजर आ रहा है। कपल की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है।कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें मॉनी का ये रूप बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोग उनके इस पोस्ट और रिवीलिंग बिकिनी पहनने पर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- अरे कुछ तो शर्म कर लिया करो। एक अन्य ने लिखा, पूरे कपड़े पहनना कभी सीख पाओगी। एक अन्य ने लिखा- अरे इज्जत बची है, थोड़ी से बेशर्म।



## करण ने दिखाए अपने वॉशबोर्ड एब्स...

**मुंबई।** एक्टर करण सिंह ग्रोवर, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने मंगलवार को अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने टोन्ड बॉडी और वॉशबोर्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। करण, जो 'दिल मिल गए' और 'कुबूल है' जैसे शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, एक फिटनेस फ्रीक हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट रूटीन भी शेयर करते रहते हैं। एक्टर ने कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह पानी के बीच में नजर आ रहे हैं और अपने बाइसेप्स, मसल्स और वॉशबोर्ड एब्स दिखा रहे हैं। पोस्ट का टाइटल 'मेटमोरफोसिस' था। करण, जो जल्द ही ऋतिक रोशन-स्टारर 'फाइटर' में दिखाई देंगे। एब्स को देखकर एक फैन ने लिखा, आखिरकार ऋतिक को तगड़ा कॉम्पिटिशन मिलेगा।

### टीवी मसाला

## पलक की पर्सनल चैट लीक

**मुंबई।** एक्ट्रेस पलक तिवारी के साथ सोशल मीडिया स्टार ऑरी ने अपनी पर्सनल चैट लीक की है। इस चैट को देखकर सब हैरान हो गए हैं क्योंकि ओरी ने इसमें एक्ट्रेस पलक को मिडिल फिंगर दिखाई है। ऑरी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्वेता तिवारी की बेटी पलक के साथ अपनी चैट का ऐसा स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसे देखकर सब हैरान हैं। ओरी ने मैसेज का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें पलक का मैसेज कर रही हैं कि ऑरी, पलक बोल रही हूं। क्या तुम्हें माफी चाहिए। ऑरी फिर उन्हें मिडिल फिंगर वाला इमोजी भेजते हैं। पलक जवाब देती हैं सारा की रिस्पेक्ट की वजह से मैं बोल रही हूं। इस पर ऑरी कहते हैं नहीं बेब, मुझे माफ कर दो। या तो आप सेल्फ रिस्पेक्ट के कारण माफी मांगो क्योंकि आपको पता नहीं कैसे बात करनी चाहिए। पलक का आखिर में मैसेज होता है मैंने माफी मांग ली है।



### मनोरंजन से भरपूर होगा पूरा महीना

# जनवरी में रिलीज हो रहीं ये बड़ी फिल्में, पहली बार साथ दिखेंगे विजय व कैट

*नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत के साथ ही सिनेप्रेमियों को कई बड़ी फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। दिसंबर का महीना सिनेमा और सिनेमाघरों दोनों के लिए बढ़िया रहा है। बहरहाल, 2024 का आगाज होते ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शकों को बेसब्री से है। साल के जाते-जाते 'डंकी' और 'सालार' की भिड़ंत ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब सुर्खियां बटोरीं। इस बड़े टकराव के बावजूद दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया है।*




### ऋतिक व दीपिका की 'फाइटर'

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण लंबे समय से फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें पहली बार ऋतिक और दीपिका की जोड़ी देखने को मिलने वाली है। अनिल कपूर भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। 'फाइटर' गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

### कैटरीना-विजय सेतुपति की 'मेरी क्रिसमस'

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में पहली बार साथ दिखाई देंगे।




फिल्म को श्रीराम राघवन ने निर्देशित किया है। 'मेरी क्रिसमस' एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो 12 जनवरी को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी। फिल्म एक रहस्यमई रात की कहानी है। दोनों सितारों के प्रशंसक इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं।


### 'कल्कि 2898 एडी में अमिताभ विलेन'



नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले काफी समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनने जा रही है, वहीं अमिताभ बच्चन इसमें विलेन की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। सैन डिएगो में हुए कॉमिक-कॉन इवेंट में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था।

***ये 2 फिल्में भी चर्चा में :*** *रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या की फिल्म 'लाल सलाम' 12 जनवरी को रिलीज होने वाली है। ऐश्वर्या ने फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं रजनीकांत इसमें कैमियो करने वाले हैं। उधर महेश बाबू भी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गुंटूर कारम' 12 जनवरी को लेकर आ रहे हैं।*

### 'मैं अटल हूं', 19 जनवरी से बड़े पर्दे पर




जल्द ही अभिनेता पंकज त्रिपाठी फिल्म 'मैं अटल हूं' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। रवि जाधव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी। फिल्म में अटल के जीवन और राजनीति संघर्षों को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 19 जनवरी को रिलीज होगी।

**खबर संक्षेप**



### संकल्प यात्रा कार्यक्रम की सहभागिता

**कटनी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले की 5 जनपद पंचायतों के 10 गाम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाकर कार्यक्रम संपन्न हुए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की। ग्राम पंचायत कुम्हरवारा, भदौरा, देवरी, बड़खेड़ा भरदा, पिलौजी, खमतरा, सिमरा-1, देवगांव जिजनौडी संगवारा में यात्रा के पहुंचनें पर यात्रा का स्वागत किया गया। शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री जी का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया।

### अलग अलग सड़क हादसों में तीन घायल

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत हुए दो हादसों में तीन लोग घायल हो गए। पहले हादसे में पान उमरिया मोड़ पर गत शाम करीब साढ़े पांच बजे दो मोटर साइकिलें आपस में टकरा गई जिसमें दो युवक घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से युवकों को जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि दोनों युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। इसी तरह दूसरा हादसा स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के तिहारी बायपास में भी सोमवार करीब साढ़े सात बजे हुए एक हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। यह व्यक्ति मोटर साइकिल से गिर घायल पड़ा था। इसके बाद स्थानीय इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल भेजा गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, मामला पंजीबद्ध

**कटनी।** किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट कर हुई। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे कि खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। घटना बड़वारा थानांतर्गत ग्राम भुडसा के संगम मोड पर हुई। जानकारी के मुताबिक थाने पहुंचकर राघवेंद्र पिता दरबार सिंह उम्र 25 साल निवासी सहजपुरा थाना देवगढ़ जिला मुरैना के साथ गुड्डू साहू, सौरभ सिंह निवासी लमकाना, बाबा भाई जान एवं अन्य व्यक्ति सभी निवासी भुडसा ने एक राय होकर उसकी गाड़ी तोड़ दी जिस का विरोध करने पर सभी ने गालीगलौज कर उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए चोट पहुंचा दी और सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले। इसी प्रकार थाने पहुंचकर सोनेलाल उर्फ गुड्डू पिता सुखलाल साहू उम्र 41 साल ने शिकायत दर्ज कराई कि राघवेंद्र सिंह, सुनील मिश्रा एवं अन्य व्यक्ति ने एक राय होकर गालीगलौज कर उसके साथ मारपीट कर चोट पहुंचा दी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

### संदिग्ध अवस्था में किशोरी की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कटनी।** एक किशोरी की अज्ञात कारणों से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। घटना विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिनौता में हुई। जानकारी के अनुसार सपना पिता हीरालाल कोल 16 हिनौता विजयराघवगढ़ गत दिवस मेला घूमने गई थी। शाम को 6 बजे मेला से घर लौटी। घर में आकर गिर गई थी। वहां से इसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है। लड़की के परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराने की जिद में अड़े हुए थे। हालांकि पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरहनी ब्रिज के नीचे घायल मिला था युवक

# लूटपाट के इरादे से की गई थी युवक की हत्या, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



घायल अवस्था में मिले युवक की इलाज के दौरान मौत होने और परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाकर किये गये प्रदर्शन के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा किया है। हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक अभी फरार है। पुलिस ने पूरे घटना क्रम का खुलासा करते हुए युवक की मौत के लिए जिम्मेदार एक आरोपी को पकड़ लिया है, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है। घटना का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया ने बताया कि दो युवकों ने लूटपाट के इरादे से दो युवकों ने मृतक के साथ मारपीट की थी। इस दौरान आरोपियों ने पत्थर से उसके सर पर गंभीर वार किए थे। मारपीट और लूट करने के बाद युवक को घायल अवस्था में छोड़कर आरोपी भाग गए थे।

गौरतलब है कि 20 दिसंबर को खिरहनी ओवर ब्रिज के नीचे स्थित शनि मंदिर के पास सावरकर वार्ड खिरहनी फाटक निवासी 35 वर्षीय रवि रैदास उर्फ लल्लू पता मेरु चौधरी घायल अवस्था में मिला था। घायल को इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल भिजवाया गया जहांपर उसे गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। 28 दिसंबर को जबलपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अंधे हत्याकांड में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याती मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीमें गठित की गई थी। जांच के दौरान cctv फुटेज खंगालने एवं आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद यह बात सामने आई की देर रात दो युवक गर्ग चौराहा की तरफ से लाल रंग की ऑटो रिक्शा लेकर आए और पेट्रोल पंप के सामने सनी मंदिर के पास छिपकर खड़े हो गए। जब इसी बीच रवि वहां से गुजर रहा था तो उन दोनों ने उसे पकड़ लिया और जबरन ई रिक्शा में बैठाने लगे।

### आरोपितों ने पत्थर से किए थे वार

दोनों आरोपियों से बचकर जब वह भागने का प्रयास करने लगा तो उन्होंने रवि को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट करते हुए दोनों आरोपियों ने रवी से दोनो आरोपियों ने नगद और मोबाइल लूट लिया और उसे घायल अवस्था में वही छोड़कर भाग खड़े हुए। पुलिस ने बताया कि हत्या के आरोपी मोनू बर्मन को बैलेटघाट के पास ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़ा गया आरोपी एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर का रहने वाला है। दूसरे युवक की तलाश की जा रही है जिसको जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी को पकड़ने में टीआई आशीष शर्मा, एसआई अरुनपाल सिंह, एएसआई रामचंद्र शुक्ला, कप्तान सिंह, विजय शंकर गिरी, प्रधान आरक्षक अनिल सिंग सेंगर, पुष्पराज सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह, अमित सिंह, उपेंद्र सिंह, विकास राय, शामिल हैं।



## वित्तीय साक्षरता को लेकर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक एवं सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने नवांकुर संस्था और प्रस्फुटन समिति सदस्यों द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की। विभागीय पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर समिति सदस्य अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारियों को सख्त लहजे में कहा कि वे भी क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाये।हर माह क्षेत्र में जागरूकता शिविरों का आयोजन करें। समितियों की बैठक कर उनके साथ कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर भी चर्चा की गई। जिला समन्वयक ड़ॉ. तेजसिंह केशवाल ने भी नवांकुर और प्रस्फुटन समिति सदस्यों को उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों में लापरवाही नही बरतने की हिदायत दी। वहीं इस मौके पर मेडिकल ऑफिसर ड़ॉ अजय सोनी और लैब टेक्नीशियन अशोक इंदौरिया ने स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक जानकारी दी और सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को बताया। वहीं ब्लॉक समन्वयक नीरज ज्योतिषी ने प्रस्फुटन समिति सदस्यों को वित्तीय साक्षरता को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार, अंकित झारिया, विकास हल्दकार, सत्येंद्र सिंह राजपूत सहित प्रस्फुटन समिति सदस्यों की उपस्थिति रही।

*योगासन एवं प्राणायाम की भी दी गई जानकारी*

## आशा कार्यकर्ताओं को आयुष औषधियों के महत्व संबंधी दिया दो दिनी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी के निर्देशन में हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर खरखरी, खितौली, भुड़सा, गणेशपुर, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, खम्हरिया, देवगांव, चरगंवा, मुरवारी एवं रैपुरा मे आशा कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला आयुष अधिकारी, ए.एम.ओ. एवं सी.ए.एम.ओ. द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षको द्वारा गर्भावस्था में उपयोगी योगासन एवं प्राणायाम आदि आशा कार्यकर्ताओं को योग की जानकारी भी दी गई।

विगत 29 एवं 30 दिसंबर को आयोजित प्रशिक्षण का शुभारंभ आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी के पूजन व दीप प्रज्वलन से किया गया। पूजन के बाद आशा कार्यकर्ताओं को आयुष योजनाओं की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण का उद्देश्य आयुष हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर में संचालित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से अवगत कराना, आयुष औषधियों का महत्व की जानकारी, आयुर्वेद का उद्देश्य स्वास्थ्य स्वस्थ रक्षणम, आतुरस्य विकार प्रशनम के अनुसार आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतु चर्या, योग के बारे में जानकारी दी गई आयुष के लिए उपयुक्त रेफरल की जानकारी, औषधीय पौधो की जानकारी और उपयोग, घरेलू मसालों का सामान्य बीमारियों में उपयोग, औषधीय पौधो की खेती, देवारण्य योजना के लिए प्रोत्साहन प्रकृति पोर्टल पर प्रकृति की जानकारी दी गई।

### आयुष निर्देशिका पुस्तिका का किया गया वितरण

प्रशिक्षण के दौरान हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर में आयईसी मटेरियल होने वाली जांचों के बारे में जानकारी दी गई। आयुष क्योर एप की जानकारी, समुदाय में एप के डाउनलोड, कंसलटेशन का प्राथमिकता से प्रचार-प्रसार करने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। आशा कार्यकर्ताओं को आयुष निर्देशिका पुस्तिका का भी वितरण किया गया।

## डीसीए कटनी टीम ने 10 विकेट से जीता मैच



उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में खेली जा रही 27वीं लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में मंगलवार को स्पर्धा का छटवां लीग मैच सम्राट क्लब सिहोरा और डीसीए कटनी के बीच खेला गया। जिसमें कटनी ने 10 विकेट से मैच पर जीत दर्ज कर क्वार्टर में प्रवेश कर लिया। सिहोरा टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 20 ओवर में 128 रनों का स्कोर खडा किया। कटनी की ओर से गेंदबाज अनुराग ने 3 विकेट, संकल्प व सचिन ने 2-2 विकेट झटके। जवाबी पारी में डीसीए कटनी ने 13वें ओवर में ही लक्ष्य पार कर लिया। कटनी की ओर से बल्लेबाज अनुराग ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 67 रन एवं जतिन ने 57 रन बनाए। इस दौरान बडी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही। स्पर्धा में आज 3 जनवरी को डब्लूसीआर जबलपुर और डीसीए कटनी के बीच तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में वाहन आपरेटर्स यूनियन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वाहन चालकों द्वारा की जा रही हड़ताल के संबध में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन की मौजूदगी में बस आपरेटर्स यूनियन, ट्रक आपरेटर्स यूनियन व आटो एवं टेक्सी यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

बैठक के दौरान यात्रियों के आवागमन एवं अत्यावश्यक वस्तुओं के परिवहन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान जिले में ट्रक ड्राइवरों की हडताल के संबंध में चर्चा की जाकर वाहन मालिकों से उनके वाहनों के ड्राईवरों को समझाईश दिये जाने की बात कही गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा वाहन ड्राईवरों को यात्रा के दौरान जिले के अंदर आनें वाली समस्याओं उत्पन्न होने की जानकारी ली जाकर पुलिस प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान किये जाने तथा किसी भी तरह की समस्या आनें पर तत्काल कंट्रोल रूम नंबर 07622 220071 एवं 220072 तथा 7587615946 पर सूचना देने की बात कही गई।

बैठक के दौरान ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन अध्यक्ष बी.एम.तिवारी, आटो यूनियन अध्यक्ष राजा सिंह सहित वाहन मालिकों की उपस्थिति रही।

*वन अमले ने की कार्यवाही, सभी को भेजा गया जेल*

## सुअर का मांस पकाते हुए दो गिरफ्तार बम बेचने वाले को भी दबोचा, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के ठिर्री गांव में जंगली सूअर के मांस के साथ दो आरोपियों को वन अमले ने गिरफ्तार किया है।बम बेचने वाले को भी दबोचा गया।मामले से जुड़ा एक अन्य आरोपी फरार है।यह कार्रवाई वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा के निर्देशन पर वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा की गई है। जिस वक्त वन अमले ने दबिश दी उस वक्त दोनों आरोपियों से सूअर का पका रहे थे।वन अमले ने मांस को बरामद किया और कार्रवाई शुरू की।

वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से सूअर के शिकार की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा के निर्देशन में दो अलग अलग टीम गठित की गई। एक टीम ने ठिर्री गांव में संतोष वंशकार और राजकुमार वंशकार को सुअर के मांस सहित गिरफ्तार किया। मौके पर वन्य जीव के कटे हुए चारों पैर भी बरामद किया।

दोंनो आरोपियों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर वन विभाग की टीम कुंडम प्रोजेक्ट रामपुर के पीएफ क्रमांक 372 (बिजौटा ग्राम) पहुँचकर जांच किया। घटना स्थल पर वन्य जीव को मारने के निशान मिले मौके पर चार सुअर मार बम भी मिले। जिसके बाद दूसरी टीम ने बम बेचने वाले रामपुर निवासी देशराज वादी को भी गिरफ्तार किया। पकड़े गए इन तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। सोमवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहा से सभी को जेल भेजा गया है।वहीं इस पूरे मामले से जुड़ा एक अन्य आरोपी फरार है।

कार्रवाई में रामकुशल मिश्रा, वनरक्षक रामफल पटेल,प्रदीप तिवारी, अंकित गौतम,उमा चौधरी, रामकृष्ण दुबे,रामदुलारे झारिया, विनीश सिंह,राजेश शर्मा,राजेश सोनी व अन्य वनकर्मी शामिल रहे।

जिले के 11 ग्रामों में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

## शिविरों के माध्यम से दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत सरकार और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक के पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले की चारों विधानसभा की जनपद पंचायतों के अंतर्गत आनें वाली ग्राम पंचायतों में रोजाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बंदरी एवं सकरीगढ़, बहोरीबंद में मोहनिया नीम एवं कूड़न, ढीमरखेडा में खमरिया खमतरा एवं मुरवारी, कटनी के चाका, रीठी में खम्हरिया -2 एवं घुघरा सहित जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में भैसवाही एवं हरदुआकला ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया।

ग्रामों में आयोजित शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के रिकार्डेड संदेश विकसित भारत संकल्प वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि शासन की योजनाओं के बारे में आमजन को बताया जाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई गई।

## उत्तराधिकारियों के खातों में भेजी गई लंबित अनुग्रह राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोविड संक्रमण के दौरान अपने परिवार के सदस्यों को खोने के उपरांत मुख्यमंत्री कोविड कल्याण योजना के तहत जिले के 62 परिवारों को स्वीकृत प्रकरणों की अनुग्रह राशि का भुगतान नहीं हो पाने की जानकारी कलेक्टर अवि प्रसाद को प्राप्त होते ही प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा को प्रकरण के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा द्वारा प्रकरण की जांच करते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु शासन स्तर पर आवंटन की अग्रिम कार्यवाही के लिए राहत आयुक्त मध्य प्रदेश शासन भोपाल को पत्र प्रेषित कर मुख्यमंत्री कोविड कल्याण योजना के तहत जिले मे कोविड 19 संक्रमण से मृत्यु पर स्वीकृत 62 प्रकरणों हेतु 31 लाख रुपए का बजट आवंटन उपलब्ध कराये जाने का लेख किया गया। बजट आवंटन न होने की दशा में पुनः माह अक्टूबर में राहत आयुक्त मध्यप्रदेश शासन को पत्र प्रेषित किया जाकर स्वीकृत प्रकरणों की लंबित राशि 31 लाख रुपए का बजट आवंटन किये जाने का लेख किया गया।


शासन स्तर से बजट की स्वीकृति प्राप्त होते ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कोविड 19 संक्रमण से मृत्यु हाने पर मृतको के वारिसान को अनुग्रह सहायता राशि के भुगतान हेतु गठित जिला स्तरीय समिति से प्रकरणों का परीक्षण कराते हुए जिले के कोरोना संक्रमण से 62 मृतकों के वारिसान, उत्तराधिकारियों को 50 हजार रुपए के मान से कुल 31 लाख रुपए की भुगतान का स्वीकृति आदेश जारी किया जाकर राशि उनके खाते में भेजी जा चुकी है।

# नए साल में 30 दिन विवाह मुहूर्त मई-जून में मुहूर्त नहीं है

**ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक आगामी वर्ष में 21 अप्रैल के बाद व मई-जून में विवाह के लिए कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं हैं।**

हरिभूमि, जबलपुर

16 जुलाई देवशयनी एकादशी से चातुर्मास लगने के चलते फिर नवम्बर तक विवाहों पर विराम लग जाएगा। नए साल में कुल 72 दिन विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। शुक्र अस्त होने के चलते दो माह नहीं हैं विवाह मुहूर्त 16 जुलाई से लग जाएगा चातुर्मास गुरु, शुक्र रहेंगे अस्त, इनकी स्थिति महत्वपूर्ण।




### 15 मार्च से खरमास भी

16 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। चातुर्मास के चलते 16 जुलाई से 12 नवंबर तक भी विवाह नहीं होंगे। इसके अलावा 15 मार्च से 16 अप्रेल के बीच मीन राशि की संक्रांति होने के कारण खरमास रहेगा और विवाह इस दौरान नहीं हो सकेंगे।

### नए साल में विवाह मुहूर्त जनवरी में दस दिन

16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 29, 30 और 31 को विवाह के मुहूर्त हैं। फरवरी में बीस दिन- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14, 17, 18, 19, 23, 24, 25, 26, 27 और 29 को। मार्च में नौ दिन- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 11 और 12 को। अप्रैल में पांच दिन- 18, 19, 20, 21 और 22 को। जुलाई में आठ दिन- 3, 9, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 को। नवंबर में नौ दिन- 16, 17, 18, 22, 23, 24, 25, 26 और 28 को विवाह के मुहूर्त हैं। दिसंबर में ग्यारह दिन- 2, 3, 4, 5, 9, 10, 11,12, 13, 14 और 15 को विवाह के मुहूर्त हैं।

### गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी ग्रह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता। देवगुरु बृहस्पति और शुक्रदेव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शुक्रग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं। इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2024 में 23 अप्रैल से 30 जून के बीच शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण विवाह नहीं होंगे।



## भगवान को प्राप्त करने का सरल मार्ग है भक्तिः सुरेंद्र शास्त्री

**जबलपुर।** भगवान को प्राप्त करने के तीन मार्ग शास्त्री में बतलाए गए हैं। कर्म मार्ग, ज्ञान मार्ग एवं भक्ति मार्ग में से भगवान को प्राप्त करने का सबसे सरल भक्ति मार्ग है। निष्काम भक्ति से भगवान अपने भक्तों पर शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मन में भक्ति जागृत होती है और जीव को मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करती है।

उक्त उद्गार राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद युवा प्रकोष्ठ जबलपुर संभाग के तत्वाधान में आयोजित मानकुंवर मैरिज गार्डन आईटीआई में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस व्यास पीठ से भागवत कथा प्रवक्ता शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्राr जी महाराज ने व्यक्त किए। कथा के पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली गई। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान लीलावती विश्वकर्मा, टीएन कृष्णा विश्वकर्मा, रवींद्र दयावंती कागदीगर ने व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास सुरेंद्र शास्त्राr जी महाराज का पुष्पमाला एवं श्रीफल अर्पित कर स्वागत किया। पूजन अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय, संजय शास्त्री ने संपन्न कराया। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव गंगाचरण मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी, प्रदेश महासचिव राजेश दुबे, राजीव उपाध्याय, चंद्रशेखर शर्मा, विवेक यादव, जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला, महासचिव सुधीर खरे, प्रवक्ता सत्यजीत यादव, संजय साहू, सृजन शुक्ला उपस्थित रहे! प्रतिदिन दोपहर 2.30 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा पर प्रवचन होंगे।

## कृषि विवि के नववर्ष कैलेंडर कृषिका 2024 का विमोचन



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने वर्ष 2024 का कैलेंडर, डायरी एवं टेबिल कैलेंडर का विमोचन किया। कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने इसे कृषकों, वैज्ञानिकों, कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं और छात्र-छात्राओं के लिये बहुउपयोगी बताया है। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि इसमें वर्षभर के लिये प्रतिमाह की कृषि संबंधी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां एवं हिंदी तिथियां संग्रहित की गई हैं। जिससे कृषक लगातार अपडेट रहेंगे। कुलपति डॉ. मिश्रा ने अधिकारी, शिक्षक, वैज्ञानिक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं से संस्था और राष्ट्रहित में मिलजुलकर कार्य करने का आव्हान किया है। पुष्पों से लबरेज हरियाली की चादर ओढ़े नेहरू गार्डन में खुशगवार माहौल में नववर्ष 2024 की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया।

## ननि की पहली महिला आयुक्त प्रीति यादव ने पदभार संभाला



**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर के इतिहास की पहली महिला निगमायुक्त प्रीति यादव ने मंगलवार की सुबह 10.30 बजे अपना पद भार ग्रहण कर लिया। वे अभी तक उज्जैन में अपर कलेक्टर रही। उन्होंने तत्कालीन निगमायुक्त स्वपनिल वानखेड़े से चार्ज लिया। चार्ज लेने के तत्काल बाद वे प्रशासनिक कार्यों में लग गईं और होटल कल्चुरी पहुंचकर उन्होंने कलेक्टर व अन्य अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आगमन को लेकर चल रहीं तैयारियों का जायजा लिया।

नवागत निगामायुक्त (आईएएस) प्रीति यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास उनकी प्राथमिकता होगी। चार्ज लेने के तत्काल बाद वे प्रशासनिक कार्यों में लग गईं और कल्चुरी पहुंचकर उन्होंने कलेक्टर व अन्य अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन को लेकर चल रहीं तैयारियों का जायजा लिया। इसके पूर्व तत्कालीन निगमायुक्त स्वप्निल वानखेड़े ने नवागत निगामायुक्त को कार्यभार सौंपने से पहले ही एक आदेश जारी कर निगम अधिकारियों को उनके द्वारा दिए गए समस्त वित्तीय और प्रशासकीय अधिकार तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिए। उनके मुताबिक अब अधिकारियों को नए अधिकारी नवागत अधिकारियों द्वारा ही प्रदान किए जाएंगे।

## जबलपुर से ऊना हिमांचल के लिये रेल सेवा प्रारंभ की जाये : मांग

**जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक पंडित पुरुषोत्तम तिवारी ने जबलपुर से ऊना हिमांचल रेलवे स्टेशन के लिए सीधी रेल सेवा की मांग की है। तिवारी का कहना है कि जबलपुर में सेना के कई रेजिमेंट जैसे जम्मू एंड कश्मीर राईफल्स, ग्रेनेडियर रेजिमेंट, सी.एम. एम. कालेज, आई. टी. बी. पी. का मुख्यालय तथा सेना का मध्य भारत कमांड मुख्यालय भी है। इसके साथ ही रक्षा विभाग के रक्षा निर्माण जीसीएफ, आयुक्त निर्माणी एवं आर्डिनेंस डिपो और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री भी जबलपुर में ही स्थित है। इन सभी संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी जवानों की अधिकतम संख्या हिमाचल प्रदेश,पंजाब और हरियाणा के लोगों की है। इन लोगों को और उनके घर वालों को जबलपुर से ऊना के लिए आना जाना करना पड़ता है। दोनों शहरों के बीच कोई सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण इन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आई पी ए पी के संस्थापक पुरुषोत्तम तिवारी जी का कहना है कि जबलपुर से ऊना के लिये रेल सेवा व्हाया कटनी,दमोह,सागर,झाँसी/महारानी लक्ष्मीबाई, ग्वालियर, आगरा कैंट,मथुरा केंट,हज़रत निजामुद्दीन, नई दिल्ली, पानीपत, अम्बाला केंट, चंडीगढ़, रूपनगर, आंनदपुर साहेब, कीरतपुर साहेब नंगल डेम ऊना हिमांचल रेलवे स्टेशन होनी चाहिए जिससे इस सेवा का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले।

## 151 गुमे मोबाइल धारकों को लौटाए



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह द्वारा नए वर्ष के प्रथम चरण पर कई लोगों को उनके गुमे एवं चोरी हुए मोबाइल वापस किए गए। सायबर सेल की टीम द्वारा इन मोबाइलों को खोजकर धारकों को लौटाए गए। 151 मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए इन मोबाइलों की कीमत 21 लाख 17 हजार रुपए बताई गई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस द्वारा गुमे हुए 151 मोबाईल लगभग 21 लाख रुपयों के लोगो को वापस किये गए। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि सायबर सेल जबलपुर द्वारा लगातार सायबर जागरूकता संबंधी आयोजन किये जा रहे है, वर्तमान वर्ष 2023 में प्रत्येक माह सायबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिको व स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्रा को सायबर संबंधी आपराधो से बचने के उपायो से अवगत कराया गया। इस प्रकार वर्तमान वर्ष में कुल 32 संस्थानों जिनमें स्कूल, कॉलेज एवं अन्य संस्थान सम्मिलित है, में जाकर सायबर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये गये है।

## कैबिनेट बैठक में सिहोरा वासियों को जिला की आस

*विधानसभा चुनाव से पूर्व केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्री ने दिया था आश्वासन*

**सिहोरा।** सिहोरा को जिला बनाने के लिए विधानसभा चुनाव के पहले हुए 2 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद सिहोरा वासियों को दो केंद्रीय मंत्रियों और तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा जिला बनाने का आश्वासन दिया गया था। म प्र सरकार की कैबिनेट की बैठक से सिहोरा वासियों को ऐसी आशा जगी है कि डॉक्टर मोहन यादव सरकार सिहोरा जिला के विषय में कोई निर्णय अवश्य लेगी। विदित हो कि विधानसभा चुनाव के पूर्व वर्तमान के मंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा 08.09.23 को भाजपा विकास यात्रा के दौरान सार्वजनिक मंच से कहा गया था कि सिहोरा जिला की मांग जायज है और सिहोरा को 2003 में ही जिला बन जाना चाहिए था। वही केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के द्वारा 15.11.23 को चुनावी सभा में सिहोरा को जिला बनाने की वकालत चुनावी सार्वजनिक सभा में करते हुए वचन दिया गया था कि वे स्वयं सरकार बनने के बाद सिहोरा को जिला बनाने मुख्यमंत्री से मिलेंगी।स्मृति ईरानी की घोषणा के अगले ही दिन 16 नवंबर को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा भी दूरभाष पर जिला आंदोलनकारियों से सत्ता में आने पर सिहोरा जिला बनाने का वादा किया गया था। सिहोरा के नागेंद्र कुररिया, अनिल जैन, विकास दुबे, कृष्णकुमार कुररिया, मानस तिवारी, सुशील जैन, नंदकुमार परौहा, संतोष पांडे, ऋषभ दिवेदी, अमित बक्शी, मोहनलाल गौतम, प्रकाश मिश्रा, रामजी शुक्ला, गुड्डा विश्वकर्मा, रामलाल रजक आदि ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से सिहोरा जिला के विषय में कैबिनेट में निर्णय लेने की मांग की।



## श्रीविष्णु वराह कप 2024 का शानदार आगाज

**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता श्री विष्णु वराह कप 2024 का शानदार आगाज हुआ। जिसमें पहला मुकाबला रेल्वे जबलपुर और शहडोल के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय रेल्वे जबलपुर जबलपुर का सही साबित हुआ जब उसने 12 रन के योग पर पहला विकेट हासिल कर लिया। परंतु इसके बाद जबलपुर के बॉलर कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और लखन पटेल 58 रन, आशीष मिश्रा 32 रन, रॉकी राज 23 रन, अभिनव 31 रन की छोटी-छोटी परियों की बदौलत 7 विकेट के नुकसान पर 20ओवर में 183 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। रेल्वे जबलपुर की तरफ से दीपक त्रिपाठी ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर रेलवे की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई और पूरी टीम 111 की योग पर 16 ओवर में ऑल आउट हो गई। रेलवे जबलपुर की ओर से सूरज ने 24 रन और ब्रजेश पटेल ने 24 रन बनाए।वही शहडोल की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए अक्षय सिंह ने 3 ओवर में 13 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। अक्षय सिंह के शानदार बॉलिंग प्रदर्शन के कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री पाटन विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अजय बिश्नोई ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ कराया विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के शिव पटेल, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र चौरसिया, पार्षद मनोरंजन राय, नगर परिषद मझौली की अध्यक्ष शिप्रा चौरसिया, उपस्थित हुए।

## हरे कृष्णा आश्रम में माघ कल्पवास 25 से

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 9 वे वर्ष में निशुल्क माघवास कल्पवास का आयोजन किया गया है जिसका पत्रक पूजन हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में जमुना सभागृह गोल बाजार में किया गया। यह आयोजन 25 जनवरी को नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा शाही स्नान से प्रारंभ होगा जो 24 फरवरी तक चलेगा। सभी कल्पवासियों के लिए निशुल्क रहने खाने की व्यवस्था सुबह 6 बजे चाय 8 बजे नास्ता 12 बजे भोजन शाम 3 बजे चाय रात्रि 8 बजे भोजन प्रसादि होगी।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 घंटाघर, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्र.12/2023-24/एम-06
दिनांक:- 21/06/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार जैन,अभय कुमार जैन,अतुल कुमार जैन तीनों के पिता श्री महेन्द्र कुमार जैन ने मकान 489 वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 266 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 532 व.फु. भूतल 266 व.फु. प्रथमतल 266 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर




**श्रीमती कुसुमलता अग्रवाल-** उदय नगर नं. 1 व्हीकल निवासी श्री संजय अग्रवाल की धर्मपत्नी तथा प्रशांत की मां श्रीमती कुसुमलता अग्रवाल का (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गोकलपुर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रीतेश खत्री-** बेदी नगर मदनमहल निवासी श्री गुलजारी लाल खत्री के पुत्र श्री रीतेश खत्री (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण पटेल-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री नारायण पटेल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आयुष झारिया-** गुप्तेश्वर निवासी श्री अशोक कुमार झारिया के पुत्र श्री आयुष झारिया (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रवती चौहान-** खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री लोकराम चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती चौहान (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता विश्वास-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री पीके विश्वास की धर्मपत्नी श्रीमती ममता विश्वास (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी झारिया-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री कमल किशोर झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी झारिया (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कुसुम पांडे-** चग्गर फार्म तिलहरी निवासी श्री राम निवास पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम पांडे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया बाई कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री शिव दयाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई कोरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरोज नायडू-** केसर विहार न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री वीरा स्वामी नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज नायडू (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पप्पू चौधरी-** ठक्करग्राम बाबा टोला निवासी श्री जमुना प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री पप्पू चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मथुरा प्रसाद वर्मा-** बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री मथुरा प्रसाद वर्मा (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री घसीटे लाल प्रजापति-** बाबा टोला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री घसीटे लाल प्रजापति (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हीरा लाल पगारे-** न्यू रेलवे स्टेशन के पास दुर्गा नगर ग्वारीघाट निवासी श्री हीरा लाल पगारे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा बाई कोरी-** शीतलामाई भटनागर अस्पताल के पास निवासी श्री मोहन लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा बाई कोरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the folio No. 0049422 and Share Certificate No. 11765 for 1200 of F.V.Rs. 2/- shares bearing Distinctive No. from 0003508151 - 0003509350 standing in the name of Rakesh Kumar Baderia in the books of M/s Lupin Limited Regd. Office- 3rd Floor, Kalpataru Inspire, Off. Western Expressway Highway, Santacruz (East), Mumbai 400 055, Maharastra has been lost /missplaced and the advertiser has applied the Company for issue of duplicate share certificates in lieu thereof. Any persons who have claims on the said shares should lodge such claims with the company's or share holder Rakesh Kumar Baderia (Applicant) within 15 days from the date of notice failing which the Company will proceed to issue duplicate share certificate in respect of the said shares.

Date : 02.01.2024
Place : Jabalpur

Sd/-
Name of the Applicant
Rakesh Kumar Baderia
402, New 1119 Old Subhash Takiz ke Samne Milloniganj Jabalpur (M.P.) 482001

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग आधारताल जिला जबलपुर**
**आम सूचना एवं इश्तहार**

अपील प्रकरण क्रमांक 0068/अपील / 2023-2024

प्रति,
1. श्री राधेश्याम रैकवार पिता स्व.सुम्मेर उर्फ एस. रैकवार उर्फ शंकर रैकवार, निवासी- प्लाट नंबर 72 ए माता मंदिर के पास चूना भटटी रोड हुजूर भोपाल 2. श्रीमति अर्पिता घोष पिता श्री अरूण कल्याण घोष, निवासी 538 नेपियर नगर चौथा ब्रिज जबलपुर म.प्र....प्रत्यर्थीगण

एतद् द्वारा उपरोक्त प्रत्यर्थीगणों को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री मुन्नालाल रैकवार पिता स्व.सुम्मेर रैकवार निवासी यादव कालोनी जबलपुर म.प्र. के पास जबलपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार आधारताल जिला जबलपुर के राजस्व प्रकरण 1751/अ-6/2021-22 में पारित आदेश दिनांक 08/03/2022 से परिवेदित होकर अपील अन्तर्गत म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 के तहत प्रस्तुत की है एवं ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 522/3 रकबा 0.028 हे. भूमि पर अवैध फौती नामांतरण उपरांत विक्रय से व्यथित होकर प्रस्तुत की है। प्रकरण सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 23.01.2024 को नियत है। आप प्रत्यर्थी एवं आम जनता जो प्रश्नाधीन भूमि में अपना हित रखते हो वे नियत पेशी दिनांक 23.1.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर तत्संबंध में अपना पक्ष समर्थन करने हेतु दावे आपत्तियां प्रस्तुत करें। नियत पेशी पर उपस्थित न होने एवं दावे आपत्तियां प्राप्त न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जावेगी एवं निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावे आपत्तियां अमान्य की जावेगी।

आज दिनांक 26.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 23/01/2024 अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
पदमुद्रा अनुभाग- अधारताल जबलपुर